पांच दिवसीय पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम

भविष्य में आगे बढ़ने के लिए सामूहिक शिक्षा जरूरी : प्रो दीपक

रांची. आइआइएम रांची में सोमवार को मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय पोषित भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम की शुरुआत हुई. कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के बीच नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है. निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने नेतृत्व कौशल का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि संगठनात्मक सफलता को आगे बढ़ाने में सामूहिक शिक्षा जरूरी है. प्रशिक्षक प्रो रोजर्स पी जोसेफ, अध्यक्ष इइसी प्रो दीपक कुमार, प्रो अंगशुमन हजारिका और प्रो तनुश्री दत्ता ने जरूरी कौशल प्रशिक्षण पर चर्चा की.

Prabhat Khabar, 19.03.2024, P.10

आइआइएम में हुआ पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम

आइआइएम रांची में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग • जागरण

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने 18 से 22 मार्च तक मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम की शुरुआत की है। उद्घाटन समारोह में आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने संगठनात्मक सफलता को आगे बढ़ाने में सामूहिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। निदेशक ने कहा कि समारोह का लक्ष्य ऐसे कार्यबल का निर्माण करना है जो सशक्त, सहयोगात्मक और नवाचार के लिए खुला हो। पांच दिवसीय कार्यक्रम में 20 सत्र शामिल होंगे। जिन्हें शैक्षणिक संस्थानों के भीतर नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार करने के व्यापक उद्देश्य के साथ संकाय सदस्यों को आवश्यक नेतृत्व कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। उनके साथ प्रो. रोजर्स पी. जोसेफ, अध्यक्ष-ईईसी, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. अंगशुमन हजारिका व प्रो. तनुश्री दत्ता भी शामिल रहे।

Dainik Jagran, 19.03.2024, P.4

आईआईएम रांची में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में सोमवार को मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय भविष्य के नेतृत्व का पोषण कार्यक्रम, की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का लक्ष्य संकाय सदस्यों के बीच नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें प्रभावी ढंग से नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने नेतृत्व कौशल के महत्व को रेखांकित किया और संगठनात्मक सफलता को आगे बढ़ाने में सामूहिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रो रोजर्स पी जोसेफ, अध्यक्ष ईईसी, प्रो दीपक कुमार, प्रो अंगशुमन हजारिका व प्रो तनुश्री दत्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम में 20 सत्र होंगे, जिन्हें शैक्षणिक संस्थानों के भीतर नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार करने के व्यापक उद्देश्य के साथ संकाय सदस्यों को आवश्यक नेतृत्व कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है।

Hindustan, 19.03.2024, P.8

आईआईएम रांची : शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय लीडरशिप प्रोग्राम शुरू

रांची | आईआईएम रांची में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम की शुरुआत हुई, जो 22 मार्च तक चलेगी। इसमें विभिन्न सेंट्रल यूनिवर्सिटी, ट्रिपल आईटी, आईआईएम के फैकल्टी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का लक्ष्य फैकल्टी सदस्यों के बीच नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें प्रभावी ढंग से नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाया जा सके। मौके पर आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, 19.03.2024, P.5